हिन्दी दैनिक
प्रज्ञांश न्यूज
सच पे नजर

ऐंगजाइटी से जूझ रहीं जैकलीन फर्नांडिस! -पेज 6

वर्ष 1, अंक 109 (रायबरेली से प्रकाशित) रायबरेली, शनिवार, 11 जुलाई 2020 पृष्ठ 6 मूल्य 1 रुपये

वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय हुआ प्रो.भरतराज सिंह का शोध चैप्टर

गौरव

- यूनाइटेड किंगडम के पब्लिशर्स ने दी बधाई

लखनऊ-ब्यूरो

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज लखनऊ (संबद्धः अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय) के लिए अत्यन्त गर्व और खुशी की बात है कि प्रो. भरत राज सिंह, महानिदेशक (तकनीकी) एसएमएस के अध्याय शीर्षक : ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों का जलवायु परिवर्तन पर अध्ययन : समुद्र स्तर में वृद्धि और आपदा आवृत्ति जो उनकी संपादित पुस्तक : ग्लोबल वार्मिंग. प्रभाव और भविष्य की संभावनाएं का एक चैप्टर है, विश्व स्तर पर बहुत लोकप्रिय हो गया है। उनके इस शोध कार्य ने 6584 से अधिक की उच्च पहचान (दृश्यता) प्राप्त की और वैज्ञानिक समुदाय के भीतर प्रभावी पैठ बनाई है। यह भी उल्लेखनीय है कि इस शोध ने दुनियाभर में शोधकर्ताओं के उनके स्वयं के प्रोजेक्ट्स को विकसित करने के लिए एक उदाहरण स्थापित किया है। इन्टेक.ओपन पब्लिशर्स, यूनाइटेड किंगडम द्वारा प्रो. भरत राज सिंह को उनकी उक्त प्रकाशित शोध की विश्वस्तर की उपलब्धियों के लिए काफी सराहना तथा बधाई प्रदान की है।